आमिर खान की बिल्डिंग का होगा रीडिवेलपमेंट

आईएएनएस/ एनबीटी, मुंबई : मैन इन्फ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड बांद्रा के पॉश पाली हिल इलाके में बॉलिवुड स्टार आमिर खान के आंशिक स्वामित्व वाली एक बिल्डिंग को रीडिवेलप करेगा। आमिर खान और अन्य मालिकों के साथ समुद्र के सामने वाली बिल्डिंग लगभग 37,000 स्क्वायर फीट तक है और रीडिवेलपमेंट 2024 में शुरू होने की संभावना है। यह प्रॉपर्टी विर्गो सोसायटी लिमिटेड की है, जिसमें दो विंग बेला विस्टा और मरीन शामिल हैं। इसमें 24 फ्लैट हैं, जिनमें से 9 आमिर खान के हैं। इसके रीडिवेलपमेंट से करीब 500 करोड़ रुपये का अपेक्षित राजस्व होगा और एमआईसीएल एक सहयोगी कंपनी के माध्यम से इसको रीडिवेलप करेगा। रीडिवेलपमेंट के बाद, मौजूदा मालिकों में से प्रत्येक लगभग 55-60 प्रतिशत अतिरिक्त क्षेत्र के साथ बड़े फ्लैटों के लिए पात्र होंगे।

पाली हिल के रियल इस्टेट मार्केट के अनुसार, रीडिवेलपमेंट बिल्डिंग में समुद्री नजारा और चार और पांच बीएचके वाले हर एक फ्लैट की कीमत 1.25 लाख प्रति स्क्वायर फीट तक हो सकती है। पाली हिल को सितारों और अन्य मशहूर हस्तियों का निवास माना जाता है। बांद्रा,

37 हजार स्क्वायर फीट की है बिल्डिंग

24 फ्लैट वाली बिल्डिंग में 9 फ्लैट आमिर के हैं

खार, सांताक्रुज, विले पार्ले, जुहू, वर्सोवा और उससे आगे उत्तर और आसपास का क्षेत्र बड़े व्यापारिक व्यक्तियों, भारतीय और विदेशी कंपनियों के प्रमुखों, राजनेताओं और अन्य लोगों के अलावा फिल्म, टेलिविजन और मनोरंजन उद्योग की कई ग्लैमर हस्तियों का घर है। क्षेत्र के कुछ प्रमुख निवासियों में शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रेखा, अमिताभ बच्चन, अनिल कपूर, रानी मुखर्जी, विवेक ओबेरॉय आदि हैं। एमआईसीएल कंपनी के इन्वेस्टर रिलेशन ऐंड कॉरपोरेट फाइनैंस याशेश पारेख के अनुसार, पाली हिल में अमीर खान जिस सोसायटी में रहते हैं, उस सोसायटी के पुनर्विकास का काम कंपनी ने लिया है। रीडिवेलपमेंट के तहत करीब 3500 वर्ग फुट परिसर का विकास किया जाएगा। प्रॉजेक्ट के तहत बिक्री के लिए करीब 50,000 वर्ग फुट का परिसर उपलब्ध होगा।